भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. †2111
सोमवार, 9 दिसम्बर, 2024/18 अग्रहायण, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**श्री गुरु दत्तात्रेय बाबाबुदान स्वामी पीठ/दरगाह के लिए वित्तीय सहायता**

**†2111. श्री कोटा श्रीनिवास पूजारीः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) स्वदेश दर्शन योजना-2.0 को पुनः तैयार किए जाने का उद्देश्य और महत्व क्या हैं;

(ख) क्या सरकार का विचार स्वदेश दर्शन योजना-2.0 के अंतर्गत कर्नाटक राज्य के चिकमंगलूर जिले की बाबाबुदानगिरी पहाड़ियों में स्थित हिन्दुओं और मुसलमानों दोनों के लिए पूजनीय श्री गुरु दत्तात्रेय बाबाबुदान स्वामी पीठ/दरगाह में स्वदेश दर्शन योजना-2.0 के अंतर्गत अवसंरचना विकास कार्यों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने का है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ग): पर्यटन मंत्रालय ने स्थायी और जिम्मेदारीयुक्त पर्यटन गंतव्यों का विकास करने के दृष्टिकोण और उद्देश्य से स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी2.0) के तौर पर नया रूप दिया है और इस योजना के प्रमुख सिद्धांतों में पर्यटन संबंधी मुख्य विषयों, जैसे स्थायी और जिम्मेदारीयुक्त पर्यटन, गंतव्य और पर्यटक केंद्रित दृष्टिकोण, पर्यटन गंतव्य का एकीकृत विकास, घरेलू पर्यटन, स्थायी आधार पर प्रचालन एवं अनुरक्षण आदि पर फोकस के लिए बेंचमार्क और मानक विकसित करना शामिल है। योजना के तहत परियोजनाएं योजना दिशा-निर्देशों के अनुसार तथा संबंधित राज्य सरकार के परामर्श से स्वीकृत की जाती हैं। एसडी2.0 योजना के तहत श्री गुरू दत्तात्रेय बाबा बुदानस्वामी पीठ/दरगाह, बाबाबुदानगिरी पहाड़ी, चिकमंगलुर जिला, कर्नाटक राज्य के विकास के लिए वर्तमान में ऐसा कोई प्रस्ताव एसडी2.0 योजना के तहत राज्य सरकार से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त नहीं होने के कारण विचाराधीन नहीं

है। तथापि, पर्यटन मंत्रालय ने कर्नाटक में एसडी2.0 में निम्नलिखित परियोजनाएं स्वीकृत की हैं:

| **स्वीकृति का वर्ष** | **परियोजना** | **स्वीकृति राशि (करोड़ रु. में)** |
|---|---|---|
| 2023-24 | हम्पी में "ट्रैवलर नूक्स की स्थापना" | 26.30 |
| 2023-24 | मैसूरू में "टोंगा राइड हेरिटेज एक्सपीरियंस जोन" | 4.12 |
| 2023-24 | मैसूरू में "इकोलॉजिकल एक्सपीरियंस जोन" | 18.36 |

*****